7.68 लाख रुपये की रकम बाकी पड़ी है । उच्चतम न्यायालय द्वारा इस मांग पर स्थगन आदेश दिया गया है।

जहां तक केन्द्रीय उत्पादन शुल्क का संबंध है कंपनी से उत्पादन शुल्क के रूप म 68.30 लाख रुपये की रकम तथा व्यक्तिगत दंड के रूप में 25 लाख रुपये की रकम वसूली के लिए पड़ी है । इस मांग की वसूली के विरूद्ध दिल्ली उच्च न्यायालय ने स्थगन आदेश जारी किया है। स्थगन आदेश निरस्त करवाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है ।

*418. [*Transferred to the 20th December*, 1985.]

बोरिंग तथा पम्पसैटों की आपूर्ति में धोखाधड़ी

*419. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :**
श्री सत्य प्रकाश मालवीय :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 3 दिसम्बर, 1985 को कुछ संसद सदस्यों ने उन्हें पत्र लिखकर यह मांग की थी कि समूचे देश में, विशेषत: बिहार में, बोरिंग और पम्पसेटों की आपूर्ति में की गयी धोखाधड़ी की जांच की जाये ; और

(ख) कितने सरकारी अधिकारियों और गैर सरकारी लोगों के विरूद्ध मामले दर्ज किये गये हैं अथवा इस बारे में कार्यवाही की गयी है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) और (ख) कुछ संसद सदस्यों से इस आशय के पत्र प्राप्त हुए हैं जिसमें बिहार में भूछेदन (बोरिंग) उपकरणों और पम्पों की आपूर्ति में की गई अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा की गई जांच के आधार पर जो सिफारिशें की गई थीं उनमें छह बैंक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की सिफारिश की गई है। इन अधिकारियों के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर करने के लिए बैंक को आवश्यक सहमति पहले ही दे दी गई है।

Anglo-French Textile Mill, Pondicherry

*420. SHRI V. GOPALSAMY:
DR. SHYAM SUNDAR MOHAPATRA:

Will the Minister of TEXTILES be pleased to refer to the answers to Starred Question 387-A and Unstarred Question 50 given in the Rajya Sabha on the 21st August, 1984 and 23rd July, 1985 respectively regarding closure of Anglo-French Textile Mill, Pondicherry and state:

(a) whether any final decision to take-over the Anglo-French Textile Mill at Pondicherry has since been taken by Government;

(b) if not, by when a decision is likely to be taken in this regard;

(c) whether any steps have been taken to rehabilitate 6860 workers who have been rendered jobless due to the closure of the above mill;

(d) if so, what are the details thereof; and

(e) what was the total loss in production of yarn along with the mandays lost since July, 1983?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI KHURSHID ALAM KHAN): (a) and (b) Government of India do not propose to take over Anglo-French Textile Mill, Pondicherry.

(c) and (d) The Pondicherry Government has sanctioned relief out of the Chief Minister's Relief Fund and Lt. Governers's Relief Fund to the tune of around Rs. 95 lakhs.

(e) For the period July, 1983 to June, 1985, the total number of mandays lost is estimated to be around 32.13 lakhs and the loss of production of yarn around 1.86 crore kgs.